एक्सचेंज के बीच आप्टिकल फाइबर केबिल चालू की जानी है।

(ग) संभवतया मार्च, 1993 तक।

## अनुकम्पा के आधारों पर नियुक्ति

87. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दूरसंचार विभाग में अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति किए जाने के संबंध में क्या नियम हैं;

(ख) क्या इन नियमों में हाल ही में कोई छूट दी गई है;

(ग) गत दो वर्षों में कितने आवेदन जिला प्रबंधक के कार्यालय में कार्यालय वार, प्राप्त हुए और उनमें से कितने व्यक्तियों को नियुक्त किया गया है;

(घ) क्या यह सच है कि अनुकम्पा के आधार पर नियुक्तियां ऐसी नियुक्तियों के लिए तैयार की गई सूची की क्रम संख्या के अनुसार नहीं की गई हैं; और

(ङ) यदि हां, तो इसके क्या कारण है?

**संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू)**: (क) दूरसंचार विभाग अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति के लिए कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा निर्धारित किए गए नियमों का पालन करता है।

(ख) जी, नहीं।

(ग) से (ङ) दूरसंचार विभाग की विभिन्न फील्ड यूनिटों से जानकारी एकत्र की जा रही है और इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश में तार घरों का आधुनिकीकरण

88. **चौधरी हरमोहन सिंह** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार उत्तर प्रदेश में नए तार घर स्थापित करने तथा मौजूदा तार घरों को आधुनिक बनाने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आधुनिकीकरण के लिए चुने गए तार घरों का ब्यौरा क्या है?

**संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू)**: (क) जी, हां।

(ख) उत्तर प्रदेश में 1992-93 में 50 नए तार घर खोलने की योजना बनाई गयी है। आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान आगरा, इलाहाबाद, बरेली, कानपुर तथा वाराणसी में स्टोर तथा फारवर्ड मैसेज स्विचों को संस्थापित करने की योजना बनाई गई है। 32 लाइनों की क्षमता वाली ऐसी एक प्रणाली देहरादून में पहले से ही काम कर रही है और 128 लाइनों का एक बड़ा स्विच लखनऊ में चालू होने वाला है।

चालू पंचवर्षीय योजना के दौरान धीमी गति वाली मोर्स प्रणाली के स्थान पर इलेक्ट्रानिक की-बोर्ड लगाने की योजना बनाई गई है।

(ग) आधुनिकीकरण कार्यक्रम निम्नानुसार है :

विवरण-I में उन स्थानों की सूची दी गई है (नीचे देखिये) जहां आधुनिक स्टोर तथा फारवर्ड तार प्रणाली पोर्ट पहले ही प्रदान किए जा चुके हैं। विवरण-II में उन स्थानों की सूची दी गई है (नीचे दी गयी है) जहां आठवीं योजना अवधि के दौरान आधुनिक स्टोर तथा फारवर्ड तार प्रणाली पोर्ट उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है।

विवरण-III में उन स्थानों की सूची दी गई है (नीचे देखिये) जहां आठवीं योजना अवधि के दौरान इलेक्ट्रानिक की-बोर्ड कन्सेन्ट्रेटर उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है।

### विवरण-I

**उन स्थानों की सूची (केन्द्रीय तार घर/विभागीय तार घर) जहां स्टोर तथा फारवर्ड प्रणाली टर्मिनलों की आधुनिक सुविधा पहले ही प्रदान की जा चुकी है।**

1. आगरा
2. आगरा बेलनगंज
3. इलाहाबाद
4. अलीगढ़
5. अलमोड़ा
6. आजमगढ़
7. बलिया
8. बरेली
9. बरेलीसिटी
10. भदोही
11. बी० एच० ई० एल० (हरिद्वार)
12. बदायूं
13. बुलंदशहर
14. देहरादून
15. देवरिया
16. फैजाबाद